# आवेदन तक सीमित रहा रामपुर जनपद अध्यक्ष का अविश्वास प्रस्ताव

## आवेदन में हस्ताक्षर करने वाले 13 में से 11 सदस्य ही तय समय तक उपस्थित हो पाए

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 अगस्त. जनपद रामपुर बाघेलान के अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट सदस्यों ने विहित प्राधिकारी कलेक्टर को आवेदन देकर उनके विरुद्ध अविश्वास व्यक्त किया था.**

उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट पहुंचे दर्जनभर सदस्यों ने कलेक्टर डा. सतीश एस की गैरमौजूदगी में एडीएम सुधीर बेक को आवेदन सौंप जनपद अध्यक्ष के खिलाफ फ्लोर टेस्ट की मांग की थी. आवेदन में हस्ताक्षर करने वाले सदस्यों में प्रशान्त सिंह, इंदू सिंह, रामनारायण डोहर, आशा लता सिंह, गीता प्रजापति, अनीता प्रजापति, सुखीनंद चौधरी, नेहा सिंह, सतीश मिश्रा, प्रतिमा सिंह, बेला सिंह, सुलोचना सिंह और रामबाई कोल शामिल थे.बाद में प्रशासन ने बिना हस्ताक्षर तस्दीक जनपद सदस्यों की मांग पर 7 अगस्त को बैठक का समय सुनिश्चित कर सदस्यों को अपनी ताकत दिखाने का अवसर दिया था. इस दौरान हस्ताक्षर करने वाले एक सदस्य ने दूसरे ही दिन आवेदन के प्रति असहमति व्यक्त करते हुए अपनी ओर से अलग से आवेदन देकर प्रस्ताव का विरोध किया था. इसके बाद जनपद के ही एक सदस्य के अचानक लापता होने का मामला भी रामपुर थाने पहुंचा. सदस्य की पत्नी ने थाने में स्वयं उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस बात की शिकायत की थी की उसका पति घर से कलेक्ट्रेट गया था लेकिन लौटकर घर नहीं पहुंचा. इस दौरान मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है.



इसके बाद यह महसूस किया जाने लगा था कि अध्यक्ष के विरुद्ध लाए जाने वाला अविश्वास प्रस्ताव फ्लोर टेस्ट के पहले ही खारिज हो जाएगा. गुरुवार को भारी गहमा गहमी के बीच प्रशासन की निगरानी में कार्यवाई शुरू इस दौरान जनपद कार्यालय के बाहर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता बड़ी संख्या में उपस्थित नजर आए.

### कोरम भी नहीं हो पाया पूरा

हालांकि बाद में इस बात की जानकारी सार्वजनिक की गई कि प्रस्ताव के पक्ष में 25 सदस्यों की जनपद से सिर्फ 11 ही सदस्य उपस्थिति दर्ज करा पाए जबकि कोरम के लिए आवश्यक 17 सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी बाद में सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण बिना मतदान के ही आवेदन को खारिज कर दिया गया. हालांकि रामपुर में दिन भर इस बात की चर्चा रही कि जनपद अध्यक्ष के पक्ष में रामपुर विधायक विक्रम सिंह हैं इस लिए उनके विरोध में प्रस्ताव जनपद में आ नहीं सकता.

# बाऊली में डूबने से किशोरी सहित युवक की मौत

## डूब रही किशोरी को बचाने उतरा था युवक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, हनुमाना थाना क्षेत्र के रघुनाथगढ़ गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ, जिसने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया. गांव की एक पुरानी बाऊली में डूबने से एक युवती और उसे बचाने गए युवक की मौत हो गई.**

जानकारी के अनुसार आंचल साकेत 15 वर्ष पिता पन्नालाल साकेत किसी कारणवश बाऊली में गिर गई. उसकी चीख-पुकार सुनकर गांव का ही राजेश साकेत 25 वर्ष उसे बचाने के लिए पानी में कूद पड़ा. लेकिन अफसोस, गहराई और कीचड़ की वजह से वह भी बाहर नहीं निकल सका. कुछ ही मिनटों में दोनों की सांसें हमेशा के लिए थम गईं. स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को बाऊली से बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही हनुमाना पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा तैयार किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं.

### तीन नाबालिग किशोरियों को किया दस्तयाब

**सीधी, 7 अगस्त.** तीन नाबालिक किशोरियों को सीधी पुलिस ने सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा।

चौकी खड्डी, थाना रामपुर नैकिन दिनांक 03 मार्च 2025 को एक परिजन द्वारा चौकी खड्डी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी नाबालिक पुत्री घर से अचानक लापता हो गई है। संदेह जताया गया कि कोई व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। थाना कमर्जी में दिनांक 28 मई 2025 को थाना कमर्जी में एक परिजन ने सूचना दी कि उनकी नाबालिक पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। रिश्तेदारी एवं आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। थाना अमिलिया दिनांक 06 अगस्त 2025 को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिक पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।

# दलित युवती के सामूहिक दुष्कर्म के चारों आरोपी गिरफ्तार

## चुरहट थाना क्षेत्र के जंगल में हुई थी वारदात

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 अगस्त. चुरहट थाना क्षेत्र के ग्राम बरिगवा के पास जंगल में एक दलित युवती के साथ हुये सामूहिक दुष्कर्म की वारदात में शामिल चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से सभी को जिला जेल भेज दिया गया है।**

आरोपियों में कृष्ण मुरारी रावत उर्फ शोले कठौतहा, लोले यादव मर्चवार बढ़ौरा, धीरेश विश्वकर्मा चूल्ही और विकास रावत कठौतहा शामिल हैं। मालूम रहे कि पुलिस अधीक्षक डॉ.रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन में पुलिस टीमों ने दबिश कार्रवाई में बुधवार शाम को ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया



था जबकि चौथे फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम को देर गिरफ्तार करने में सफलता मिली। घटना के दौरान पीड़िता अपने प्रेमी के साथ जंगल की ओर घूमने और फोटो खिंचवाने गई थी। तभी घात लगाए बदमाशों ने प्रेमी पर डंडे से वार कर उसे घायल किया और युवती को जबरन जंगल में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मैं मंगलवार की सुबह करीब 11.30 बजे अपने दोस्त के साथ बरिगवा गांव की तरफ गई थी, जहां फोटो खिंचवाने के लिए जंगल की तरफ हम दोनों निकल गए। इसके बाद चार लोग घात लगाकर बैठे हुए थे और जैसे ही हम नीचे उतरने लगे, वैसे ही मेरा मुंह दबा लिया। मेरे दोस्त के सिर पर एक डंडा मारा, जिसकी वजह से वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद मुझे उठाकर तीन लोग ऊपर जंगल की ऊंचाई तक ले गए और सभी ने मिलकर मेरे साथ दुष्कर्म किया है। मैं रोती रही, गिड़गिड़ाती रही, उनके पैर पड़ती रही, पर किसी ने मुझ पर दया नहीं की। इसके बाद उन्होंने मुझे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो तुम दोनों को जान से खत्म कर देंगे। फिर मेरा और मेरे दोस्त का फोन लेकर सभी भाग गए। इसके बाद मैं जंगल से भागकर नीचे आई और गांव वालों को इसकी सूचना दी। चुरहट थाना में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 138, 70 ए, 64(2), 115(2), 351(3) बीएनएस का मामला दर्ज किया गया था।

### पुलिस ने दिखाई तर्त्पता

युवती के साथ हुए घटनाक्रम केबाद जिस संवेदनशीलता और तर्त्पता के साथ पुलिस ने घटना के लिए जिम्मेदार आरोपियों को चंद घंटों के अन्दर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया इससे जिले में पुलिस की कार्यवाई पर लोगों ने संतोष व्यक्त किया है. लोगों का कहना है कि संवेदनशील मामलों में पुलिस यदि त्वरित सक्रियता दिखाए तो लोगों में असुरक्षा का भाव पनप नहीं पाता.


# कोयले का सेम्पल, खनिज दफ्तर में बढ़ा रहा चार दिन से शोभा

## कलेक्टर के निर्देश पर खनिज, राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने गोंदवाली में मिलावटी कोयले का लिया था सेम्पल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 अगस्त। पिछले दिनों सोमवार को गोंदवाली कोलयार्ड में कलेक्टर के निर्देश पर खनिज राजस्व, पुलिस एवं संयुक्त टीम ने कोयले का सेम्पल लिया था। आरोप लगाया जा रहा है कि कोलयार्ड में कोयले का मिलावट का कारोबार जोर-शोर से चल रहा है। लेकिन चार दिनों से खनिज दफ्तर में सेम्पल जांच के इंतजार में पड़ा है।**

यहां बताते चले कि कोलयार्ड गोंदवाली में कोयले में छत्तीसगढ़ प्रांत के रामगढ़ से छाई एवं स्थानीय क्रेसरों से भस्सी की मिलावट करनी की लगातार शिकायत मिल रही थी, यहां तक सोशल मीडिया में भी कोयले में मिक्सिंग का वीडियों जमकर वायरल हो रहा था। हालांकि पिछले एक महीने से इस तरह की शिकायते मिल रही थी, किंतु खनिज विभाग के जिम्मेदार अमला कुम्भकरणीय निंद्रा में था। मामला कलेक्टर के संज्ञान में आया। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर पिछले दिनों सोमवार को खनिज, राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गोंदवाली कोलयार्ड पहुंच सेम्पल लेते हुये सहायक खनिज अधिकारी अशोक मिश्रा ने मीडिया कर्मियों से कहा था कि उक्त सेम्पल जांच के लिए भेजा जाएगा। हैरानी की यह है कि चार दिनों बाद भी कोयले का सेम्पल जांच के लिए कहीं भी नही भेजा गया, बल्कि खनिज



विभाग का शोभा बढ़ा रहा है। सहायक खनिज अधिकारी अशोक मिश्रा का कहना है कि दो-चार दिन बाद सेम्पल जांच के लिए जाएगा। उन्हें यह नही पता है कि यह सेम्पल जांच के लिए कहां भेजना है। जबकि सेम्पल एनसीएल के परियोजनाओं या जबलपुर में भेजकर जांच कराया जा सकता है। फिलहाल खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल व समेत अन्य अमले की कार्यप्रणाली पर भी ऊंगली उठने लगी है। चर्चाएं है कि कोयला कारोबारी खनिज दफ्तर का परिक्रमा लगाना शुरू कर दिये।

### इन कोल कारोबारियों के नामों की चर्चाएं

कोलयार्ड गोंदवाली में कोयले का मिक्सिंग का कारोबार अभी से नही लम्बे अर्से से चल रहा है। इसमें रेलवे के कई कथित कर्मचारियों से लेकर कोल कारोबारियों के नामों की चर्चाएं इन दिनों लोगों के जुबा पर है। सोशल मीडिया पर भी कोल कारोबारी के चलते प्रशासन की भी किरकिरी हो रही है। सूत्रों के मुताबिक जन चर्चा है कि कोयले में मिलावट के इस खेल में अघोर के प्रशांत जायसवाल, महाकाल बबलू सिंह, मॉ काली सहित मौरारका के नाम सामने आ रहे हैं। चर्चित कोल माफियाओं के राजनीतिक पकड़ के चलते जांच टीम कितनी ईमानदारी से करेगा, इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। खनिज विभाग के जिम्मेदार भी इस मामले में हिलाहवाली करते नजर आ रहे हैं। मक्सद यह है कि मामला पुराना होने के बाद मामला शांत हो जाएगा। वहीं रेलवे गोंदवाली साईडिंग में रखा कोयला किसका है इस पर भी रहस्य बरकरार है।

# सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने की मंत्रियों से मुलाकात

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 अगस्त. नई दिल्ली संसद भवन में सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने मंत्रियों से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र के संबंध चर्चा की।**

सांसद डॉ. मिश्रा की केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर सीधी संसदीय क्षेत्र में आरडीएसएस का सर्वे पुनः कराकर छूटे हुए गांवो को जोड़ने हेतु विस्तृत चर्चा हुई ।आज नई दिल्ली संसद भवन में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से भेंट कर सीधी संसदीय क्षेत्र के दिव्यांग जनों को सर्वे कराकर चिन्हित कर उन्हें कृत्रिम अंग वितरित कराने हेतु चर्चा हुई ।



आज संसद भवन नई दिल्ली में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से भेंट कर सिंगरौली हवाई अड्डे से वाराणसी, दिल्ली, इंदौर, भोपाल व अन्य शहरों के लिए नियमित हवाई सेवाएं प्रारंभ करने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई ।आज संसद भवन एनेक्सी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में सम्मिलित हुआ । नई दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट कर सीधी में पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना हेतु स्थान उपलब्ध कराने तथा संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नेटवर्क लगाने हेतु विस्तृत चर्चा की ।



# नशीली सिरप व कैप्सूल के साथ महिला गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, सिटी कोतवाली पुलिस ने नशीली कफ सिरप एवं नशीला कैप्सूल व टेबलेट की बिक्री करते एक महिला को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने महिला के घर से नशे की अवैध सामग्री जप्त की है.**

सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक महिला घर के अंदर से नशीली गोलिया एवं नशीली कफ सिरप बेच रही है. सूचना पर संदेही महिला तुलसा लोनिया पति बुद्धा लोनिया उम्र 48 साल निवासी कबाडी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 19 को अभिरक्षा मे लिया गया. जिसके निशादेही पर महिला के घर के कमरो की पुलिस द्वारा सर्चिंग की गई जो आरोपिया तुलसा लोनिया के घर से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप एवं प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल/टेबलेट को जप्त किया गया. आरोपिया को गिरफ्तार कर थाना सिटी कोतवाली मे प्रकरण कायम किया गया.

### तिरंगा यात्रा का आयोजन आज

**सतना 7 अगस्त.** राज्य शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासनी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना द्वारा 8 अगस्त को प्रातः 9.45 बजे से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। तिरंगा यात्रा सतना शहर के शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना से जिला कलेक्ट्रेट भवन धवारी तक निकाली जायेगी।

# कांग्रेस अंग्रेजों भारत छोड़ो अगस्त क्रांति पर कार्यक्रम आयोजित करेगी

नवभारत न्यूज

**सरई 7 अगस्त। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई की आवश्यक बैठक बीते दिन बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी के अध्यक्षता एवं पूर्व मंत्री वंशमणि वर्मा, पूर्व प्रदेश महासचिव देवेंद्र पाठक दरोगा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रा. जायसवाल के विशेष उपस्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष रण बहादुर सिंह द्वारा आयोजित बैठक संपन्न हुई।**



बैठक में विशेष रूप से 9 अगस्त को अंग्रेजों भारत छोड़ो अगस्त क्रांति दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की चर्चा कर आयोजन की रूपरेखा तय की गई। साथ ही पूरे जिला सहित सरई उपखंड में व्याप्त अनेक समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया, जिसमे किसानों को खाद की कमी, लावारिस पशुओं से किसानों के फसल की तबाही, सरई थाना क्षेत्र में बढ़ रहे हत्या, मारपीट, चोरी सहित अनेक अपराध और निरंकुश अपराधी पूरे सरई क्षेत्र में बिजली की दुर्व्यवस्था, लंबित राजस्व मामले, ध्वस्त कानून व्यवस्था, प्रशासनिक भ्रष्टाचार, महिलाओ, आदिवासियों एवं दलित वर्गों पर अत्याचार, ग्रामीण सड़क से कोयला परिवहन और हो रही सड़क दुर्घटना, कोयले के प्रदूषण से बीमारी का बढ़ना इन सभी समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा 15 अगस्त के बाद सरई थाना एवं एसडीएम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन का निर्णय लिया गया।

आज के बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रामबालक द्विवेदी, महिपाल सिंह, महामंत्री अभिमन्यु सिंह, एड गया प्रसाद यादव, सचिन गोमती जायसवाल, अरुण जायसवाल, दादू लाल सिंह, सुनील जायसवाल, मटुक लाल तथा ब्लॉक कांग्रेस मंडलम सेक्टर के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

# विंध्याचल ने सरदार पटेल की प्रतिमा का किया गया अनावरण

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 7 अगस्त। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा टाउनशिप स्थित उमंग भवन परिसर में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर गौतम देब, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एवं कार्यकारी निदेशक ने प्रतिमा का अनावरण किया।**



कार्यक्रम में संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक के साथ-साथ बिपाशा देब, अध्यक्षा चित्रलेखा साहा, अध्यक्षा शिल्पा कोहली, महासचिव की मौजूदगी रही। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल की वरिष्ठ प्रबंधन टीम के एजे राजकुमार, एम सुरेश महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम, डॉ. बीके भारती महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं, देबब्रत त्रिपाठी महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएं तथा राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन न केवल सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देना था, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और मजबूत नेतृत्व के मूल्यों को पुनः स्मरण करने का एक प्रेरणादायक अवसर भी रहा।

# जांच में सीएमएचओ सहित चार कार्यालयों में मिले डेंगू के लार्वा

- मलेरिया टीम द्वारा कूलरों को खाली कराकर किया गया दवा का छिड़काव

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 अगस्त. जिस कार्यालय से जिले भर की स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन व निगरानी की जाती हो उसी स्थान पर यदि डेंगू के लार्वा पाए जाएं तो व्यवस्था का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है. इतना ही नहीं बल्कि पीएचई, सहकारी और मत्स्य विभाग के शासकी कार्योलयों में भी डेंगू के लार्वा पाए गए. जिसे देखते हुए**



**मलेरिया टीम द्वारा कूलर व बर्तनों में जमा पानी को खाली कराकर दवा का छिड़काव किया गया.**

बुधवार को जहां मलेरिया टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद दुकानों में जमा पानी की जांच करते हुए डेंगू के लार्वा खोजे गए थे. वहीं गुरुवार को मलेरिया टीम ने विभिन्न शासकी कार्यालयों की जांच की गई. इस दौरान मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय समेत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मत्स्य विभाग और सहकारी विभाग के कार्यालयों की जांच करते हुए काफी मात्रा में डेंगू के लार्वा पाए गए. डेंगू के अधिकांश लार्वा कूलर में भरे पानी, मिट्टी अथवा प्लास्टिक के बर्तनों में भरे पानी सहित अन्य स्थानों पर कई दिनों से मौजूद स्थिर पानी में पाए गए. जिसे देखते हुए मलेरिया टीम द्वारा भरे हुए पानी को खाली करवाया गया. जिसके बाद सभी स्थानों पर दवा का छिड़काव किया गया. इसी कड़ी में मलेरिया टीम द्वारा शासकीय कर्मचारियों को इस बात की समझाइस दी गई कि कार्यालय में कहीं पर भी पानी एकत्र न होने दें. वहीं मामले की जानकारी मिलने पर सीएमएचओ डॉ. एल के तिवारी ने भी कर्मचारियों को स्पष्ट ताकीद की कि कार्यालय परिसर में रखे कूलर, बाल्टी अथवा टायरों में जल जमाव न होने दें. क्योंकि यही जल जमाव की स्थिति डेंगू के लार्वा पनपने के लिए अनुकूल बन जाती है. इसी कड़ी में डेंगू जन जागरुकता अभियान के अंतर्गत डेंगू रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया. इस दौरान आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप गौतम व डीसीएम ज्ञानेश गौतम सहित स्वास्थ्य व आरसीएच विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे.

### वेतन काटने का आदेश

लार्वा सर्वे के दौरान फील्ड वर्कर राजकुमार और राजकुमार रावत दोनों नदारद मिले. बिना किसी सूचना के कर्तव्य से अनुपस्थित पाए जाने पर मलेरिया अधिकारी शीला सोनकर ने दोनों कर्मचारियों का 7 दिन का वेतन काटने का निर्देश दे दिया. इसी कड़ी में यह चेतावनी भी दी गई कि बिना सूचना कार्यस्थल से नदारद पाए जाने पर कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.


AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)

REQUEST FOR PROPOSAL

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following:

| Sr. No. | Title and Tender ID No. | Closing Date |
| --- | --- | --- |
| 01 | Selection of service provider for Design, Development, Deployment and Maintenance of Clean Streets App for city wide vigilance on PPP basis. [ASCDCL/2025/880] [2025_ASCDC_1208685_1] | 22-Aug-2025 05:00 PM |

The tender documents can be downloaded from http://mahatenders.gov.in

Sd/-

Chief Executive Officer

Aurangabad Smart City Development Corporation Limited Aurangabad

Kolhapur Municipal Corporation (KMC), Kolhapur, Government of Maharashtra,

Kolhapur Municipal Corporation.
Bhausinghji Road, C Ward, Kolhapur,
Maharashtra Pin Code: 416002.

TENDER NOTICE

Municipal Commissioner, Kolhapur Municipal Corporation (KMC), Kolhapur, Government of Maharashtra, Kolhapur Municipal Corporation, Bhausinghji Road, C Ward, Kolhapur, Maharashtra. Pin Code: 416002 invites bids from eligible bidders for Construction and implementation of storm water works for Urban Flood Mitigation in Kolhapur Municipal Corporation (KMC) under Maharashtra Resilience Development Project (MRDP).

| Name of Work | Tender Notice No | Tender Fee |
| --- | --- | --- |
| Construction and implementation of Storm Water Works for Urban Flood Mitigation in Kolhapur Municipal Corporation (KMC) | IN-KMC-493113-CW-RFB | 15,000/- |

BID documents can be downloaded online from 07th August 2025. For detailed tender notice and to download BID document please visit website https://mahatenders.gov.in.

The last date for submitting of BID form duly filled is 23rd September 2025 till 17:00 HRS. (IST)

Tender Notice No. 493113CWRFB

sd/-

Municipal Commissioner,
Kolhapur Municipal Corporation (KMC)


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99